# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 225/2025

## प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 25.06.2025

## साइबर थाना, जनपद-आजमगढ़

## साइबर थाना आजमगढ़ द्वारा, पुलिस से रिटायर्ड निरीक्षक के साथ फर्जी CBI व एन्टीकरप्शन के अधिकारी बन कर लगभग 35 लाख रुपये का फ्राड करने वाले 02 अभियुक्त, भावनगर, गुजरात से गिरफ्तार

**हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़** के निर्देशन में साइबर अपराध पर प्रभावी नियन्त्रण व **अपर पुलिस अधीक्षक यातायात/नोडल साइबर क्राइम आजमगढ़** के पर्यवेक्षण में **साइबर थाना** पर **पंजीकृत मु0अ0सं0 08/2025 धारा 318(4), 319(2), 204,351(4),337,338 BNS व 66C, 66D IT Act** की विवेचना के क्रम में दो अभियुक्तों को भावनगर गुजरात से गिरफ्तार किया गया ।

## पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 23.02.2025 को वादी नागेन्द्र मिश्र थाना महराजगंज आजमगढ़ द्वारा थाना स्थानीय पर आकर लिखित तहरीर दिया गया, दिनांक- 17.01.2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक अनजान नम्बर से काल करके अपने आपको सीबीआई का अधिकारी बताते हुए डराकर-धमकाकर जांच के नाम पर लगभग 01 माह तक डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया तथा कई बार में अपने खातों में लगभग 35 लाख रूपये जमा करा लिया गया। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर **मु0अ0सं0 08/2025 धारा 318(4), 319(2), 204,351(4),337,338 BNS व 66C, 66D IT Act** बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना विभा पाण्डेय द्वारा सम्पादित की जा रही है।

## गिरफ्तारी का विवरण / घटना का अनावरणः-

उपरोक्त प्रकरण में जाँच के आधार पर **हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़** के निर्देशानुसार विवेचक प्रभारी निरीक्षक विभा पाण्डेय द्वारा उ0नि0 योगेन्द्र प्रसाद यादव के नेतृत्व में एक पुलिस टीम को गठित कर भावनगर गुजरात भेजा गया था। गठित टीम द्वारा तकनीकी सहायता व साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तगण के तस्दीक होने पर 02 अभियुक्तों

**1. सरवैया कौशिक पुत्र संजय भाई सरवैया, निवासी- ए-डिवीजन, अपोजिटNCC ऑफिस, मफतनगर, बाल्मिकिवास, भावनगर, गुजरात ।**

**2. भगीरथ सिंह जाला पुत्र अरविन्द सिंह, निवासी- 147/B पटेलनगर, मिलिट्री सोसायटी के पीछे चित्रा, भावनगर, गुजरात** को गिरफ्तार किया गया ।

## अपराध करने का तरीकाः-

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम दोनों साइबर अपराधियों के संपर्क में थे तथा साइबर अपराधियों के साथ मिलकर फर्जी अधिकारी बनकर लोगों के साथ फ्राड करना तथा फर्जी बैंक खातो में पैसे मंगाकर निकाल लेना तथा पैसों का चैन तोड़ने के लिए जरिये एटीएम व चेक से निकासी कर लेना व निकाले गए पैसों को साइबर अपराधियों द्वारा बताये गए पते पर अंगडियां केन्द्रों (जनसेवा केन्द्र की तरह एक प्रकार की संस्था) के माध्यम से भेजवा देना, जिसके बदले में हमें मोटी रकम कमीशन के तौर मिलती थी।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

01.सरवैया कौशिक पुत्र संजय भाई सरवैया, निवासी- ए-डिवीजन अपोजिटNCC ऑफिस मफतनगर बाल्मिकिवास, भावनगर गुजरात।

02.भगीरथ सिंह जाला पुत्र अरविन्द सिंह, निवासी- 147/B पटेलनगर मिलिट्री सोसायटी के पीछे चित्रा, भावनगर गुजरात।

## पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

01. मु0अ0सं0 08/2025 धारा 318(4), 319(2), 204,351(4),337,338 BNS व 66C, 66D IT Act साइबर थाना आजमगढ़।

## आजमगढ़ पुलिस की सभी से अपीलः-

आजमगढ़ पुलिस की तरफ से सभी से अपील किया गया कि किसी प्रकार का साइबर अपराध होने पर तुरंत शिकायत दर्ज करें:-

*सबसे पहले, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर* ***1930 पर*** *कॉल करें और घटना की जानकारी दें। इसके अलावा, आप राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल* ***(cybercrime.gov.in)*** *पर भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। जितनी जल्दी आप शिकायत दर्ज करेंगे, आपके पैसे वापस मिलने की संभावना उतनी ही अधिक होगी।*

**कभी भी अपनी व्यक्तिगत जानकारी, जैसे कि पासवर्ड और ओटीपी, किसी के साथ साझा न करें।**

**संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी अज्ञात व्यक्ति से मिले ईमेल या मैसेज का जवाब दें।**

**ऑनलाइन लेनदेन करते समय सावधानी बरतें और सुरक्षित वेबसाइटों का उपयोग करें।**

**अन्जान नम्बरों से आने वाले काल पर सावधानी पूर्वक निर्णय ले।**

**पुलिस द्वारा फोन कर या वीडियो काल कर डिजिटल अरेस्ट करने का कोई कानून नहीं है, ऐसे काल साइबर फ्राड करने वाले फ्राडेस्टर द्वारा किये जाते है, अतः आप सभी ऐसे आने वाले काल से जागरूक रहे व अन्य लोगो को भी जागरूक करें।**

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

01. विवेचक निरीक्षक विभा पाण्डेय साइबर थाना जनपद आजमगढ़ ।
02. उ0नि0 योगेन्द्र प्रसाद यादव व मु0आ0 ओमप्रकाश जायसवाल साइबर सेल जनपद आजमगढ।
03. आरक्षी सभाजीत मौर्य साइबर थाना जनपद आजमगढ।
04. आरक्षी मो0 एजाज खान साइबर थाना जनपद आजमगढ।
05. आरक्षी विकाश कुमार साइबर थाना जनपद आजमगढ।


आजमगढ़ पुलिस


bob
World